**समाचार**

# जनमानस की समस्याओं के निराकरण एवं उनकी मांगों को पूरा करने का सशक्त माध्यम बन रहा है सुशासन तिहार – उद्योग मंत्री

## (नगर निगम कोरबा द्वारा बालको जोन में आयोजित समाधान शिविर में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने दी अपनी गरिमामयी उपस्थिति )

## (शिविर का किया निरीक्षण, आमजन से भेंट कर जाना उनका कुशल–क्षेम, शिविर में अधिकारियों का किया मार्गदर्शन)




कोरबा 21 मई 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि प्रदेश में विगत डेढ़ माह से संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण एवं उनकी मांगों को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश का हर नागरिक खुशहाल हो, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, उनकी विकासपरक मांगे व आवश्यकताएं पूरी हों, इसी लक्ष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ सुशासन तिहार–2025 का वृहद आयोजन किया जा रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने बालको जोन कार्यालय में सुशासन तिहार– 2025 के तहत आयोजित समाधान शिविर में कही। यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री

श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसढ़ राज्य व कोरबा जिले के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार–2025 का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों निर्माण, जल प्रदाय, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तिकर, संपदा, अतिक्रमण, स्थापना, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सहित जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कौशल विकास योजना सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने शिविर में पहुंचकर वहॉ पर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा आमजन द्वारा प्रस्तुत मांग, शिकायत व समस्या संबंधी आवेदनों के विभागवार निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने शिविर में काफी संख्या में उपस्थित आमनागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनका कुशल–क्षेम पूछा तथा उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर किए गए निराकरण की कार्यवाही व प्राप्त परिणामों पर चर्चा की। मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्‌बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा यह सुशासन तिहार वास्तव में लोगों की समस्याओं के निदान करने का, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को पूरा करने का त्यौहार है, मुझे प्रसन्नता है कि सुशासन तिहार–2025 के बहुत अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एक ओर जहॉ मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, धंधे आदि की बेहतरी के साथ–साथ किसान, युवा, महिला व समाज के सभी वर्गो के उत्थान की दिशा में व्यापक स्तर पर योजनाओं को क्रियान्वित कर एक जनहितैषी सरकार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री शहरों के अधोसंरचनात्मक विकास में गहरी रूचि लेते हुए शहरी विकास को सही दिशा व गति दे रहे हैं, उनके मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो हेतु लगातार फंड उपलब्ध हो रहे हैं, जहॉ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो कोरबा में हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है तो फिर भला यहॉ के विकास कौन रोक सकता है।

**<u>सुशासन तिहार में आमजन की आकांक्षाएं हो रही पूरी</u>** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस सुशासन तिहार में आमजनता की आकांक्षाएं पूरी हो रही हैं, सुशासन तिहार की सफलता का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है कि नगर पालिक निगम कोरबा को विभिन्न समस्याओं, शिकायतों व मांगों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया है या निराकरण की प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है, जो समस्याएं व मांग तुरंत निराकृत होने वाली विषय से संबंधित थी, उनका त्वरित निराकरण किया जा चुका है तथा जिन मांगों को पूरा करने के लिए प्रक्रिया की आवश्यकता होती है उन्हें प्रक्रिया में लिया जा चुका है, आवश्यक प्रक्रिया के बाद उनकी यह मांगें पूर्ण हो जाएगी। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि इस भीषण गर्मी में अधिकारी कर्मचारी पूरी लगन व जिम्मेदारी के साथ सुशासन तिहार में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जिसके लिए मैं उन्हें हृदय से साधुवाद देती हूँ।

**हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण** – समाधान शिविर के दौरान उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया, जिन हितग्राहियों को आज राशन कार्ड मिले, उनमें पाड़ीमार निवासी रूकमणी देवी, परसाभांठा निवासी पूजादेवी केसरी व कुसुमलता सोनी, रूमगरा निवासी उमा राठौर व सानू खंडेलवाल, बालको नगर निवासी कौशिल्या बाई व सावित्री स्वर्णकार, कैलाशनगर निवासी संतोषी शाह, रीता यादव, पदमा यादव तथा लालघाट निवासी दुखनी बाई शामिल है।

**आयुक्त ने किया प्रतिवेदन प्रस्तुत** – निगम के प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने सुशासन तिहार– 2025 के विभिन्न चरणों, समाधान शिविर के आयोजन तथा शिविर में प्राप्त व निराकृत आवेदनों पर की गई कार्यवाही, मांग , समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होने नगर पालिक निगम कोरबा के निर्माण, जलप्रदाय, विद्युत, स्ट्रीट लाईट, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल कनेक्शन, नामांतरण, फ्री होल्ड, अतिक्रमण, राशन कार्ड, पेंशन प्रकरण सहित अन्य विभिन्न विषयों पर प्राप्त आवेदनों तथा जिले के अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

समाधान शिविर में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा, एम.आई.सी. सदस्य व पार्षद सर्वश्री नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, सत्येन्द्र दुबे, सरोज शांडिल्य, मंगल वंदे, चैतन्य मैत्री, तरूण राठौर, अजय खुंटे, सीमा बाई, रजत खुंटे, चंदा देवी, मुकुंद सिंह कंवर, मण्डल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, मीना शर्मा, शिवबालक सिंह तोमर, गोपाल केडिया, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, संजय ठाकुर, देवव्रत आदित्य, वैभव शर्मा, राजाराम शर्मा आदि उपस्थित थे।